**न्यायालय : - नायब तहसीलदार,जमौर**
**मण्डल :बरेली , जनपद :शाहजहांपुर , तहसील :सदर**
**कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या:- T202312610112083**
**वाद संख्या:- 12083/2023**
**कुञ्ज श्री इन्फ्राबिल्ड बनाम शांतनू वर्मा**
**उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता - 2006 , अंतर्गत धारा:- 35**
**अंतिम आदेश "**
**आदेश तिथि:- 27/01/2024**

प्रस्तुत वाद पुर्नस्थापन पत्र के आधार पर प्राप्त हुआ। पुर्नस्थापन प्रार्थना पत्र न्यायहित में स्वीकार किया गया। वाद पुर्नजीवित किया जाता है। आदेश दिनांक 16.11.2023 निरस्त किया जाता है। वाद उपनिबन्धक कार्यालय शाहजहांपुर के द्वारा प्रेषित विक्रयपत्र के आधार पर योजित हुआ। वाद दर्ज कर नियमानुसार इश्तहार जारी किये, जो वाद तामील संलग्न पत्रावली किया गया। वादी को साक्ष्य का अवसर दिया गया। उपनिबन्धक शाहजहांपुर द्वारा नामान्तरण आदेश हेतु प्रेषित विक्रयपत्र की प्रमाणित छायाप्रति एवं उसके साथ संलग्न क्रेता का साड़े बारह एकड़ शपथपत्र, उद्वरण खतौनी ग्राम प्रस्तुत कर नामान्तरण किये जाने की याचना की गयी।

क्षेत्रीय लेखपाल से आख्या ली गई, लेखपाल आख्या से स्पष्ट है कि विक्रित भूमि ग्राम समाज व पट्टे से प्रभावित नही है। विक्रेता अनुसुचित जाति का नहीं है। क्रेता का विक्रित भूमि पर कब्जा है। विक्रेता द्वारा क्रेरता के हक में विक्रयपत्र निष्पादित किया गया है। वाद में नियत तिथि में कोई आपत्ति नही आयी वाद निर्विवाद है। अतः नामान्तरण स्वीकार करने में कोई विधिक वाधा नही है। स्वीकार किया जाता है। न्यायाहित में नामान्तरण निम्नलिखित आदेश पारित किये जाते है।

आदेश

अतः आदेश हुआ कि ग्राम लालपुर परगना जमौर तहसील सदर की खतौनी वर्ष 1426-1431फ0 के खाता संख्या 237 गाटा सं0 209/2.1570हे0 में से 2311.21 वर्गमीटर यानी 0.231121हे0 लगान 60ख अनुसार से विक्रेता मैसर्स आर0 एल0 इन्फ्रा डेवलेपर्स पंजीकृत कार्यालय स्थित आर0 एल0 काम्प्लेक्स, सदर बाजार शाहजहांपुर द्वारा पार्टनर शांतनु वर्मा पुत्र स्व0 प्रमोद वर्मा निवासी राम लक्ष्मण एण्ड सन्स ज्वैलर्स, सदर बाजार, शाहजहांपुर का नाम निरस्त करके क्रेता कुंजश्री इन्फ्राबिल्ड एल0एल0पी0 पंजीकृत कार्यालय-क्यू-1 कुंजबिहारी कालोनी, साउथ सिटी विस्तार शाहजहांपुर द्वारा पार्टनर जितेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र रामकिशन गुप्ता निवासी मोहल्ला तारीन बहादुरगंज तह0 सदर जिला शाहजहांपुर का नाम द्वारा बैनामा दिनांक 05.08.2023 प्रलेख सं0 11940 के अनुसार संक्रमणीय भूमिधर सहखातेदार दर्ज हो। पत्रावली अमलदरामद उपरान्त अभिलेखागार में अभिरक्षित हो।

नायब तहसीलदार जमौर

सदर-शाहजहॉपुर

**Disclaimer :**

**उपरोक्त सूचना मात्र सूचनार्थ है तथा राजस्व न्यायालय कम्प्यूटरीकृत प्रबन्धन प्रणाली (RCCMS) में उपलब्ध अद्यतन सूचना पर आधारित है , इस सूचना की कोई विधिक मान्यता नहीं होगी। वास्तविक सूचना की पुष्टि सम्बंधित न्यायलय / न्यायालयों की पत्रावली / पत्रावलियों से की जा सकती है।"**